परशुराम जयंती पर निकला चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 अप्रैल. रविवार को परशुराम जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर के मंदिरों में भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की गई। वहीं एक चल समारोह भी निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। चल समारोह में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी रथ पर सवार थे।

परशुराम जयंती पर शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भगवान परशुराम के मंदिरों में उनका अभिषेक किया गया जिसके बाद विशेष पूजा-अर्चना कर भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ देखी गई। अक्षय तृतीया के अवसर पर भी लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर



भगवान चक्रधर के दर्शन किए। शाम के समय ब्राह्मण समाज ने चल समारोह निकाला। इसमें हजारों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया और भगवान के भजनों पर नाचते-झूमते हुए अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

यह चल समारोह शहर के फूलबाग मैदान से शुरू हुआ, जो फूलबाग चौपाटी, सिंधिया कन्या विद्यालय, पड़ाव तिराहा, तानसेन चौराहा और गांधी रोड से होते हुए आकाशवाणी चौराहा पहुंचा, जहां से यह परशुराम चौक पर पहुंचकर समाप्त हुआ।

चल समारोह के मार्ग में समाज के लोगों ने कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भगवान परशुराम की जय जयकार के नारे लगाए। समारोह में कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस पेट्रोलिंग वाहन भी लगातार गश्त करते रहे।

भगवान परशुराम जयंती मनाई

ग्वालियर 19 अप्रैल. अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आज जिझौतिया ब्राह्मण समाज द्वारा सेवा नगर स्थित प्राचीन राम जानकी मंदिर में भगवान श्री परशुराम जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष के.पी. अरजरिया एवं महामंत्री पंकज सोनकिया उपस्थित रहे। पूजन के दौरान भगवान परशुराम के जयघोष से मंदिर प्रांगण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष राजीव पस्तोर, जे.के. चौबे, चंद्र प्रकाश दीक्षित, धर्मेंद्र दुबे, सुरेश दुबे, डॉ. आलोक पुरोहित, हेमंत विदुआ, जगन्नाथ जी, नरोत्तम रावत, दिनेश निचरेले एवं आचार्य वैभव विदुआ सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।

शास्त्र के साथ शस्त्र भी उठा सकता है ब्राह्मण : डॉ. प्रतिभा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19 अप्रैल. विप्रा महिला मंच द्वारा भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मंच की संस्थापिका डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम के आरंभ में संगिनियों ने भगवान परशुराम का पूजन किया। सीमा दुबे ने भगवान परशुराम के जीवन से मिलने वाली प्रेरणा पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी। प्रज्ञा कवीश्वर ने अक्षय तृतीया का महत्व को बताया। इसके बाद डॉ. शैलजा मिश्रा, सपना पाराशर, मंजू शर्मा ने भगवान राम और कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति दी। कृष्णा विश्राम शर्मा ने दुर्गा स्तुति की। डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने कहा, भगवान परशुराम का जीवन हमें सिखाता है कि जरूरत पड़ने पर ब्राह्मण शास्त्र के साथ शस्त्र भी उठा सकता है। संचालन विभा शुक्ला एवं आभार सुमन तिवारी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. शैलजा मिश्रा, कृष्णा विश्राम शर्मा, संगीता शर्मा, ज्योति शर्मा, आभा शर्मा, विभा शुक्ला, कल्पना पाठक, गीता शर्मा, मंजू शर्मा, सीमा दुबे, भारती शर्मा, सुमन तिवारी, प्रज्ञा कवीश्वर, सपना पाराशर, रंजना गर्ग, रजनी शर्मा उपस्थित रहे।

एक नजर में

स्टैनफोर्ड के 'कोड इन प्लेस 2026' में आदित्य का चयन

ग्वालियर। सपनों को सच करने के लिए बड़े शहर नहीं, बड़ा हौसला चाहिए, इसे साबित कर दिखाया है प्रतिभाशाली छात्र आदित्य आदि श्रीवास्तव ने। वर्तमान में रुस्तमजी प्रौद्योगिकी संस्थान, टेकनपुर (बीएसएफ अकादमी) में बीटेक प्रथम वर्ष, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) के छात्र हैं। आदित्य का चयन विश्वविख्यात स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी केलिफोर्निया द्वारा आयोजित कोड इन प्लेस 2026 कार्यक्रम में हुआ है। इस कार्यक्रम के लिए दुनिया भर से 66,000 से अधिक आवेदन आए थे, जिनमें से चुनिंदा छात्रों में आदित्य ने अपनी जगह बनाई। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक क्रिस पिच और मेहरान सहामी ने उन्हें निमंत्रण भेजते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी विश्व की शीर्ष 5 संस्थाओं में शामिल है जिससे इस उपलब्धि का महत्व और बढ़ जाता है। आदित्य वरिष्ठ पत्रकार सुनील श्रीवास्तव के पुत्र हैं और उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों व मित्रों को दिया है।

नियम विरुद्ध ट्रस्ट बनाकर भवन हड़पने की साजिश होगी नाकाम : अहिरवार

ग्वालियर। म.प्र.अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रांतीय प्रवक्ता नत्थू सिंह अहिरवार ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि आरक्षित वर्ग के लोग कंसोटिया को पिछले 21-22 वर्षों से मसीहा मानते चले आ रहे थे लेकिन उन्होंने 6-7 लोगों के साथ मिलकर ट्रस्ट बनाकर प्रदेश के लाखों आरक्षित वर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ धोखा करने का निंदनीय प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि चौ. मुकेश मौर्य अजाक्स के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिव तथा 10 वर्षों तक ग्वालियर अजाक्स के जिलाध्यक्ष रहे हैं जिनकी नियुक्ति स्वयं जेएन कंसोटिया द्वारा की गई थी तब मौर्य प्राइवेट कर्मचारी नहीं थे, जब मौर्य अजाक्स के प्रांताध्यक्ष निर्वाचित हो गए तब से मौर्य एकाएक प्राइवेट कर्मचारी कैसे हो गए, यह एक विचारणीय प्रश्न है। चौ.मुकेश मौर्य सद्भावना और समरसता के साथ सभी को साथ लेकर ससम्मान अजाक्स संगठन का कुशल नेतृत्व करते आ रहे हैं, वे कुशल संगठक और सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में ग्वालियर अंचल में पहचाने जाते हैं। प्रदेश अध्यक्ष चौ. मौर्य ने प्रदेश के अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि इन सेवानिवृत कर्मचारियों के किसी भी प्रकार के बहकावे में नहीं आए, मप्र शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पत्र जारी कर उन्हें अजाक्स का प्रांताध्यक्ष मान्य कर शासन-प्रशासन से पत्राचार करने हेतु अधिकृत कर दिया गया है।

म.प्र. पूर्व विधायक मंडल ने स्व. राजेन्द्र सिंह को पुण्यतिथि पर किया नमन

ग्वालियर, 18 अप्रैल। पूर्व विधायक मंडल, म.प्र. के पदाधिकारियों ने शनिवार को विधानसभा स्थित पूर्व विधायक मंडल कार्यालय में पूर्व अध्यक्ष एवं संस्थापक स्व. राजेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष जसवंत सिंह ने कहा कि स्व. राजेन्द्र सिंह उनके राजनीतिक संघर्ष के दिनों के साथी रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक मंडल की स्थापना में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है और उनका व्यक्तित्व सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री भगवान सिंह यादव ने कहा कि स्व. राजेन्द्र सिंह से उनके पारिवारिक संबंध थे। उनके पिता स्व. डोंगर सिंह कक्का ने उन्हें राजनीति में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। महामंत्री प्रेमनारायण मिश्रा ने कहा कि स्व. राजेन्द्र सिंह के परिवार की सफलता में उनके पिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि यह परिवार सामंतवाद के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक रहा है। इस दौरान योगेन्द्र सिंह, अमित दीवान, देवेन्द्र साहू, गोविंद रघुवंशी, राधेश्याम भार्गव, शिवेन्द्र तिवारी, रामसेवक मीना, सूर्यनारायण सेन, रामाधार पटेल, मनोज चतुर्वेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने स्व. राजेन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

'दीनदयाल रसोई' भोजन ही नहीं आत्मसम्मान भी परोसती है

ग्वालियर 19 अप्रैल. कहा जाता है कि भूखे को भोजन कराना ही सबसे बड़ी सेवा है, लेकिन जब यह भोजन केवल पेट न भरे बल्कि व्यक्ति के आत्म-सम्मान को भी बढ़ाए, तो वह 'जन-कल्याण' की असली मिसाल बन जाता है। मध्यप्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री दीनदयाल रसोई योजना' ग्वालियर में पिछले 9 वर्षों से इसी संकल्प को चरितार्थ कर रही है। महज 5 रुपए में दाल, चावल, सब्जी और 5 रोटियों वाला पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद लोगों और श्रमिकों के लिए 'अन्नपूर्णा' की भूमिका निभा रही है। दीनदयाल रसोई में भोजन करने वाले जरूरतमंदों का कहना है कि यहां मिलने वाले भोजन की थाली सही मायने में 'सम्मान वाली थाली' है, जिसमें हमें भोजन के साथ आत्मसम्मान भी परोसा जाता है। ग्वालियर में 'दीनदयाल रसोई' अब तक लगभग 59 हजार से अधिक जरूरतमंदों को भोजन करा चुकी है। ग्वालियर में प्रदेश सरकार द्वारा 7 अप्रैल 2017 को मुख्य बस स्टैंड पर पहली दीनदयाल रसोई शुरू की गई थी। ग्वालियर में अब कुल 8 'दीनदयाल रसोई' हो गई हैं। इनमें से चार स्थायी रसोई जो मुख्य बस स्टेण्ड, राजपायगा रोड, झांसी रोड बस स्टेण्ड व इंटक मैदान में संचालित हैं। चार चलित दीनदयाल रसोई सुबह-सुबह उन चौराहों पर दस्तक देती हैं, जहां श्रमिक काम की तलाश में जुटते हैं।

अक्षय तृतीया पर चक्रधर का हुआ केशर चन्दन से लेप

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19अप्रैल. श्री सनातन धर्म मंदिर में आज 19अप्रैल को अक्षय तृतीया पर्व पर भगवान चक्रधर को सर्व औषधि से स्नान कराया गया।उक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष विजय गोयल प्रधानमंत्री रमेश चंद्र गोयल लल्ला कोषाध्यक्ष राकेश बंसल धर्म मंत्री रविंद्र सिंघल चौबे ने बताया अक्षय तृतीया पर भगवान चक्रधर का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सर्वऔषधि तुलसी, केवड़ा, खस, जटामासी, मोगरा, गुलाब, चन्दन,केशर, इलायची, आंवला, सौंफ, धनिया,नीम,पान, सहित सभी शीतल औषधियों से अभिषेक किया गया। इसके लिए सभी शीतल औषधियों को एक दिन पूर्व मिट्टी की मटकियों में गंगाजल में डालकर रखा गया।

वेदपाठी आचार्यों के सस्वर वेद मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री रमेश चंद्र गोयल लल्ला, कैलाश मित्तल, पुष्पा मित्तल, ने इस पवित्र औषधीय जल से विधि विधान के साथ भगवान चक्रधर का अभिषेक किया। अभिषेक के उपरान्त मुख्य पुजारी पंडित रमाकांत शास्त्री ने भगवान चक्रधर को शीतलता प्रदान करने हेतु सर्वांग में केशर चन्दन का लेप किया। सूती वस्त्रों की नई पोशाक धारण कराकर मोगरे के पुष्पों से मनमोहक श्रृंगार किया। श्रीधाम वृंदावन में बांके बिहारी जी के वर्ष में एक बार चरण दर्शन अक्षय तृतीया को ही होते हैं इस भाव के अनुरूप भगवान के चरण दर्शन आज के दिन का मुख्य मनोरथ था। भगवान को मौसम के शीतल फल अनार,खरबूजा, तरबूजा, ककड़ी, एवं सत्तू का भोग अर्पित किया गया। सायंकाल समय में भक्तों ने भगवान को आरती के उपरांत सभी भक्तों को सत्तू एवं तरबूज का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर शैलेंद्र बंसल, सहित सभी भक्त श्रद्धालु उपस्थित थे।

रोटरी क्लब ग्वालियर फोर्ट ने मनाया चार्टर डे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19अप्रैल. रोटरी क्लब ग्वालियर फोर्ट द्वारा आज 19 अप्रैल को क्लब के स्थापना दिवस चार्टर डे पर सिटी सेंटर में मेहनत एवं मजदूरी करने वालो के बच्चो को किताबे एवं सामग्री वितरित करके क्लब का चार्टर डे मनाया, रोटरी क्लब ग्वालियर फोर्ट के सदस्यो का मानना है कि शिक्षा से बड़ा कोई दान नही अगर हमारे प्रयासों से कुछ बच्चो को हम शिक्षित करने में मदद कर सकें, तो

बच्चों को पढ़ने की किताबों और स्कूल सामग्री का किया वितरण

इससे बड़ी मानवसेवा और समाजसेवा कोई नही है।

इसी दिशा में एक अभूतपूर्व पहल करते हुए, चार्टर डे के उपलक्ष्य में क्लब के सदस्यो द्वारा गरीब मजदूरों के बच्चो हेतु जरूरत की किताबें, स्टेशनरी एवं स्कूल सामग्री वितरित की इस अवसर पर रोटरी क्लब ग्वालियर फोर्ट से क्लब जीएसआर रोटेरियन डॉ धीरेंद्र सिंह चौहान, अध्यक्ष पंकज मित्तल, सचिव शशी चांदिल, मनीष दीक्षित, प्रशांत सेंगर, प्रकाश चंद्र मांडिल आदि सदस्य उपस्थित रहे ।

वारदात की फिराक में खड़ा बदमाश गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19अप्रैल. तिघरा रोड पर वारदात की नीयत से घूम रहे एक शातिर बदमाश को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी जनकगंज निरीक्षक अतुल सिंह सोलंकी को सूचना मिली कि गुप्तेश्वर मंदिर के आगे तिघरा रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति हथियार के साथ खड़ा है। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और भागने का प्रयास कर रहे आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम निखिल बाल्मीकि (23 वर्ष), निवासी हरिजन बस्ती, गोल पहाड़िया बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि वह यह हथियार कहाँ से लाया था और उसकी योजना क्या थी।

अक्षय तृतीया पर भक्तों ने किए द्वारकाधीश के 'चरण दर्शन'

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19अप्रैल. 'अक्षय तृतीया' पर थाटीपुर स्थित द्वारकाधीश महाराज के दरबार में अलौकिक छटा देखने को मिली। वर्ष में केवल एक बार होने वाले 'श्री चरण दर्शन' और प्रभु के 'शीतल चंदन श्रृंगार' ने भक्तों को

छप्पन भोग और चंदन श्रृंगार से महका प्रांगण

भाव-विभोर कर दिया। इस आयोजन ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि श्रद्धा और भक्ति के

आगे गर्मी और तपिश का कोई मोल नहीं है।

अक्षय तृतीया का दिन द्वारकाधीश मंदिर में विशेष महत्व रखता है। मान्यताओं के अनुसार, आज के दिन ठाकुर जी के श्री चरण कमलों के दर्शन खुले रहते हैं। अलसुबह से ही मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग

मंदिर प्रशासन की व्यवस्थाएं

भीषण गर्मी और भारी भीड़ को देखते हुए अध्यक्ष पारस जैन और मंदिर समिति ने कड़े इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और छांव की व्यवस्था की गई ताकि वे सुगमता से दर्शन कर सकें। मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि यह परंपरा सदियों पुरानी है और अक्षय तृतीया पर ठाकुर जी का यह रूप भक्तों को शांति और शीतलता प्रदान करता है।

गईं। भक्त अपने आराध्य के चरणों की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखे।

इनका कहना है...



आज का दिन सौभाग्य का प्रतीक है। प्रभु के चरणों का दर्शन और चंदन श्रृंगार हमें भक्ति की पराकाष्ठा का अनुभव कराते हैं।

सोनम एक दर्शनार्थी

विधायक प्रीमियर लीग एक मई से, तैयारियां पूर्ण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 19अप्रैल. जन उत्थान न्यास के तत्त्वाधान में विधायक प्रीमियर लीग 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा

22 अप्रैल तक जमा होंगे फार्म

रहा है। टूर्नामेंट की जानकारी देते हुये कांग्रेस पार्टी के ग्वालियर पूर्व से विधायक एवं जन उत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ. सतीश सिकरवार ने बताया कि 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा में विधायक प्रीमियर लीग 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 1 मई 2026 से एम.एल.बी कॉलेज मैदान पर किया जा रहा है। इसमें ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की 19 वार्डों की टीमें भाग लेंगी। फार्म जमा करने की अंतिम तारीख 22 अप्रैल को शाम 5 बजे तक न्यास कार्यालय ललितपुर कॉलोनी ग्वालियर पर किये जा सकेंगे।

यह मिलेंगे पुरस्कार

वार्ड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेन्ट की जानकारी देते हुए विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने बताया कि विजेता टीम को एक लाख रूपये, उपविजेता टीम को 51 हजार रूपये एवं तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 31 हजार रूपये का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। टूर्नामेन्ट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को स्कूटी दी जायेगी एवं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर को 11-11 हजार रूपये का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। टूर्नामेंट में 11 टीमों को प्रोत्साहन राशि 5100 रूपये दी जाएगी। टूर्नामेंट में प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी को 1100 रूपये नगद पुरस्कार दिया जायेगा। इसके साथ ही सभी टीमों के खिलाड़ियों को आयोजन समिति द्वारा टी-शर्ट प्रदान की जायेगी। टूर्नामेंट का शुभारंभ 1 मई को शाम 6 बजे एम.एल.बी.कॉलेज के मैदान पर होगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

यह हैं टूर्नामेन्ट के नियम

1. यह टूर्नामेन्ट नॉकऑउट आधार पर खेला जायेगा। 2. टूर्नामेन्ट में प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी एवं 01 कोच रहेगा। 3. प्रत्येक मैच 8-8 ओवर का खेला जायेगा। 4. प्रत्येक टीम को निश्चित समय पर ग्राउण्ड पर पहुँचना अनिवार्य है, देरी की स्थिति में विपक्षी टीम को वॉक ऑवर दिया जायेगा। 5. प्रत्येक मैच में किसी भी परिस्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार एम्पायर और आयोजन समिति के पास सुरक्षित रहेगा। 6. खिलाड़ी का 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा का निवासी होना अनिवार्य हैं। टीम में सभी खिलाड़ियों का एक की वार्ड का होना आवश्यक है।

खोया-पाया

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मैं **प्रदीप बाजिया** पुत्र श्री नाहर सिंह बाजिया संस्थान द एकेडमी ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड हॉस्पिटल, ग्वालियर में बी.एस.सी. नर्सिंग का छात्र रहा हूं मेरी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट खो गया है जिसका नम्बर **AI-17311 DII-16661** है जिस किसी सज्जन को मिले तो अवश्य सूचित करें.

सूचनाकर्ता
प्रदीप बाजिया पुत्र श्री नाहर सिंह बाजिया
मो. 7970232323

खोया-पाया

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मैं राकेश कुमार पुत्र श्री शिशुपाल सिंह संस्थान के. एस. नर्सिंग कॉलेज, ग्वालियर में बी.एस.सी. नर्सिंग का छात्र रहा हूं मेरी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट खो गया है जिसका नम्बर AI-16772 DII-16120 है जिस किसी सज्जन को मिले तो अवश्य सूचित करें.

सूचनाकर्ता
राकेश कुमार पुत्र श्री शिशुपाल सिंह
मो. 9893139116

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला गुना

प्रकरण क्रमांक 0002/स-149/2026-27

(विज्ञप्ति)

आवेदकगण अजीतसिंह पवार (आयु 41 वर्ष) पुत्र स्व. श्री निहालसिंह पवार निवासी हेडपोस्ट ऑफिस रोड, त्रिमूर्ति कॉलोनी गुना तहसील व जिला गुना म.प्र. एवं रेखा डहरवाल (आयु 40 वर्ष) पुत्री श्री गेन्दू प्रसाद डेहरवाल निवासी रूम नं. 12 एस-सेप नर्सेस हॉस्टल, कम्पू, लश्कर ग्वालियर तहसील व जिला ग्वालियर म.प्र. द्वारा आधार कार्ड, शपथ पत्र तथा उचित शीर्ष में 100 रूपये का चालान आदि दस्तावेज पेश कर मय साक्षियों सहित विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह कराये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति को इस विवाह के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा आपत्ति हो तो वह इस संबंध में दिनांक 05.05.2026 तक अपनी आपत्ति अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला गुना के कार्यालय में कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से 06:00 बजे तक दर्ज करा सकते है। नियत दिवस व्यतीत होने पर किसी प्रकार की शिकायत / आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

(अखिलेश कुमार जैन)
अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला गुना म.प्र.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 02 वार्ड क्रमांक 10 स्थान गोलंदाज में स्थित है जो कि भवानी प्रसाद / लालाराम नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000173230 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1580 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र वसीयत नामा दिनांक... से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र नौमहला दिनांक 16/05/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन का कार्य क्रमांक 61/2010/57219/57435 उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 19-4-2026
ममता पवैया/चिम्मन पवैया, जितेन्द्र पवैया, वागेश पवैया, पुष्पेन्द्र पवैया/मदनलाल पवैया
पता: गोलंदाज, ग्वालियर(म.प्र.)
मोब-9425132723

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 25 वार्ड क्रमांक 66 स्थान सालूपुरा में स्थित है जो कि जितेन्द्र गुर्जर/कल्यान सिंह, रामवीर/पंचम सिंह नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000224920 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602024 ए1986733 दिनांक 6/08/2024 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ... दिनांक 18/04/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन ऑनलाईन सम्पत्ति ट्रांसफर नं-पीटी59356 उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 19-4-2026
राधे चौरसिया / चेतराम चौरसिया
पता: सालूपुरा, ग्वालियर(म.प्र.)
मोब-7024415423

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 25 वार्ड क्रमांक 66 स्थान सालूपुरा में स्थित है जो कि जितेन्द्र गुर्जर/कल्यान सिंह, बलराम/पंचम सिंह नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000224917 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी21/जीआर17402025ए10032 दिनांक 16/05/2025 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ... दिनांक 18/04/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन ऑनलाईन सम्पत्ति ट्रांसफर नं-पीटी59359 उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 19-4-2026
गजेन्द्र चौरसिया/ किशोरी लाल चौरसिया
पता: सालूपुरा, ग्वालियर(म.प्र.)
मोब-7770888872

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दतिया (म.प्र.)

क्र./ई-निविदा/2026/5093 — दतिया, दिनांक 15/04/26

संक्षिप्त विज्ञप्ति

ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना/2026-27 (अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु)

जिला दतिया में स्वास्थ्य विभाग (कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दतिया) के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 के लिये स्वास्थ्य संस्थाओं में मेनपावर (सपोर्ट स्टाफ) के लिये आउटसोर्स एजेन्सी के चयन हेतु अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु वार्षिक दर पर अनुबंध किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें ई-निविदा प्रणाली आध्धरित म.प्र. शासन द्वारा संचालित ई-टेंडरिंग वेवसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र ई-वेवसाईट www.mptenders.gov.in पर नियत दिनांक से डाउनलोड किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन किया जा सकेगा नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित रहेंगी। एवं ऑनलाईन नियम दिनांक से ऑनलाईन निर्धारित शुल्क ऑनलाईन जमा कर निविदायें क्रय की जायेंगी। विभिन्न प्रकार की निविदाओं के संबध में निविदा ऑनलाईन निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

S. No	Online Tender Id	Tender Description	Tender Fees	Publishing Date	Download/ Sale started date	Prebid Meeting date	Submission started date	Submission End date	Technical Bid opening date
1	2026_DHS_500443	Man Power (Support Staff) Services	2000	19-04-2026 At 10:30 HRs	20-04-2026 At 11:00 Hrs	27-04-2026 At 16:00 Hrs	28-04-2026 At 16:30 Hrs	12-05-2026 At 17:30 Hrs	13-05-2026 At 17:30 Hrs

नोट: मेनपावर (सपोर्ट स्टाफ) की आमंत्रित ऑनलाइन निविदा ई टेन्डर आईडी के 2026_DHS_496226_1 पेपर विज्ञप्ति क्र. G-11164/26 दिनांक 8 अप्रैल 2026 को जारी की गयी थी जिसमें ई-टेन्डर आईडी में संशोधन कर संशोधित विज्ञप्ति जारी की गयी है जिसमें ऑनलाइन निविदा क्र. 2026_DHS_496226 के स्थान पर, 2026_DHS_500443 ऑनलाइन निविदा क्र. पढ़ी जावे।

1. ऑनलाइन निविदा निविदाओं में किसी भी प्रकार का संशोधन आवश्यक होने पर ई-टेंडरिंग बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा। इसकी पृथक से (ई-मेल पत्र के माध्यम से) सूचना प्रसारित नहीं की जावेगी निविदाकार द्वारा स्वयं की ई-टेण्डरिंग लॉगिन आईडी के माध्यम से संबंधित निविदा में संशोधन को देखा जा सकेगा।

2. निविदाएँ ऑनलाईन